(20619) Roll No. ....

B.Ed. (Two Year Course)

Total Questions : 21] [Printed Pages : 4

5054

B.Ed. Ist Year Annual Examination, June-2019
Session (2018-20), Ist Year Main,
&
Session (2016-18) & (2017-19) Ist Year Ex. & Back Paper,
Session (2015-17) Ist Year (Only Ex. Students)

PEDAGOGY OF HINDI

(E–201)

Time : 3 Hrs.] *[M.M. : 80*

नोट :– सभी खण्डों को निर्देशानुसार हल कीजिए।

खण्ड–क

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

नोट :– इस खण्ड में तीन प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक चयन का विकल्प है। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

1. जीवन में मातृभाषा का महत्त्व प्रतिपादित कीजिये। हिन्दी के प्रचार व प्रसार में बाधक तत्व कौन-कौनसे हैं ? इस सन्दर्भ में राष्ट्र-हित में क्या प्रयास किये जा सकते हैं ? विस्तारपूर्वक बताइए।

अथवा

हिन्दी भाषा की वैज्ञानिकता व सम्पन्नता पर एक निबन्ध लिखिए।

2. गद्य शिक्षण अंग कौन-कौनसे हैं ? गद्य शिक्षण में कठिन शब्दों की व्याख्या हेतु कौन-कौनसी युक्तियों का प्रयोग किया जाता है ? उदाहरण सहित बताइए।

अथवा

कक्षा 6 स्तर के लिए सर्वनाम अथवा अनुप्रास अलंकार पर आदर्श पाठ-योजना बनाइए।

3. हिन्दी शिक्षण में पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं का महत्त्व प्रतिपादित कीजिये। किन्हीं **दो** सहगामी क्रियाओं के विषय में बताते हुए स्पष्ट कीजिए कि शिक्षक पाठ्यपुस्तकों के साथ उन क्रियाओं का प्रयोग किस प्रकार करेंगे ?

अथवा

वस्तुनिष्ठ परीक्षण से क्या अभिप्राय है ? वस्तुनिष्ठ तथा निबन्धात्मक परीक्षाओं का निर्माण, उद्देश्य व प्रशासन के सन्दर्भ में तुलना कीजिए।

खण्ड–ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट :– इस खण्ड में आठ प्रश्न दिये गये हैं। किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है।

4. प्रश्न कौशल के घटक लिखिए।

5. निगमन प्रणाली और आगमन प्रणाली में अन्तर बताइए।

6. गद्य शिक्षण और पद्य शिक्षण में अन्तर बताइए।

7. पद्य शिक्षण में रसानुभूति से क्या तात्पर्य है ?

8. उपचारात्मक एवं निदानात्मक शिक्षण से क्या तात्पर्य है ?

9. हिन्दी शिक्षण में आई.सी.टी. का प्रयोग किस प्रकार किया जा सकता है ?

10. "सूक्ष्म-शिक्षण" से क्या तात्पर्य है ? उद्देश्य व स्वरूप बताइए।

11. हिन्दी भाषा में नवीन शब्दों का निर्माण किस प्रकार होता है ? उदाहरण सहित बताइए।

खण्ड–ग

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट :– इस खण्ड में **दस** प्रश्न दिये गये हैं। किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

12. वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियाँ कौन-कौनसी हैं ?

13. 'उद्दीपन परिवर्तन कौशल' से क्या तात्पर्य है ?

14. रचना शिक्षण का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

15. मापन एवं मूल्यांकन में अन्तर बताइए।

16. वाचन की विशेषताएँ बताइए।

17. मौन वाचन का उद्देश्य .... है।

18. सूक्ष्म-शिक्षण का प्रयोग .... हेतु किया जाता है।

19. प फ ब भ म .... व्यंजन कहलाते हैं।

20. भाषा प्रयोगशाला से भाषा .... का विकास किया जाता है।

21. कविता शिक्षण का मुख्य उद्देश्य .... है।